## अमृत सरोवर स्थल पर होंगे चौपाल पे चर्चा / सरोवर संवाद के आयोजन

कटनी (26 मार्च)- ग्रामीण नागरिकों को नए अधिनियम विकसित भारत- गारंटी फॉर आजीविका मिशन (ग्रामीण) (ड्क्क्त ऋरू त्.फ्ह्र. 2025 )के संबंध में आवश्यक जानकारी देने हेतु अमृत सरोवर स्थल पर ÷चौपाल पे चर्चा/सरोवर संवाद÷ के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला पंचायत की सीईओ एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक (महात्मा गांधी नरेगा) सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने समस्त जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि इसका व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अमृत सरोवर स्थल पर नए अधिनियम की जानकारी से ग्रामीणों को अवगत कराने हेतु आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। चौपाल पे चर्चा में 125 दिनों की बढ़ी हुई मजदूरी, रोजगार की गारंटी तथा अधिनियम के तहत अधिकार आधारित कानूनी प्रावधानों के संबंध में ग्रामीणजनों , श्रमिकों, महिलाओं, अनुसूचितजाति, अनुसूचित जनजाति एवं कमजोर वर्गों के परिवारों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराते हुए विस्तार से आवश्यक जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर ने गतिविधियों का दस्तावेजीकरण एवं पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से जियो टैग फोटो एवं वीडियो अपलोड करने के निर्देश जनपद स्तरीय अधिकारियों को दिए हैं।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना में ‘मनोबल समापन सत्र’ का सफल आयोजन

**राजेश बबेले**

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार प्रदेशभर के शासकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों तथा महाविद्यालयों के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा अवधि में तनाव प्रबंधन विषय पर आयोजित ÷मनोबल सत्र÷ श्रृंखला के अंतर्गत शासकीय कन्या महाविद्यालय, बीना (सागर) में समापन सत्र का सफल आयोजन किया गया। यह ऑनलाइन सत्र दोपहर 3ः00 बजे से 4ः00 बजे तक आयोजित हुआ, जिसमें महाविद्यालय की छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम का प्रसारण MS Teams के माध्यम से किया गया तथा YouTube के जरिए भी लाइव प्रसारित किया गया। समापन सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. विनय मिश्रा,प्राध्यापक, बी.एस.एस.एस. महाविद्यालय ने "Stress Management During E&am Period" विषय पर अत्यंत प्रेरणादायक एवं व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, संतुलित दिनचर्या एवं आपसी संवाद अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने



यह भी कहा कि विद्यार्थियों को अपना टाइम-टेबल निर्धारित करना चाहिए तथा तनाव, पैनिक अटैक या किसी भी मानसिक दबाव की स्थिति में अपने मित्रों एवं शिक्षकों से खुलकर चर्चा करनी चाहिए। **परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य न मानते हुए इसे एक अवसर के रूप में लें**ः कार्यक्रम के अंत में मंत्री, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा गया कि परीक्षा को जीवन का अंतिम लक्ष्य न मानते हुए इसे एक अवसर के रूप में लें। परीक्षा परिणाम से तनावग्रस्त होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि परिणाम जीवन का अंत नहीं बल्कि एक नया प्रारंभ होता है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि जैन के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डॉ. हरिशंकर सेन के नेतृत्व में महाविद्यालय परिवार द्वारा छात्राओं को एकत्रित कर सामूहिक रूप से सत्र में सहभागिता सुनिश्चित की गई। छात्राओं ने इस सत्र को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। महाविद्यालय के सभागार में बड़ी संख्या में छात्राओं की उपस्थिति रही, जहां सभी ने एक साथ ऑनलाइन सत्र का लाभ लिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ उमा लबानिया, प्रकाश चंद्र,डॉ. एम.एन.श्रीवास्तव,डॉ.विशाल मिश्रा, डॉ.दिनेश राय,डॉ.आशीष गुप्ता, प्रशांत कुशवाहा,अमन आर्य, नवीन नामदेव,नेहा नामदेव,मनीता ठाकुर, आरती ठाकुर,कीर्ति ठाकुर, सुश्री मृणालिनी मिश्रा,सत्यम कुर्मी,डॉ. कृतिका रत्नाकर,अरुण उपाध्याय, राजीव सिंह लोधी,नितेश शर्मा सहित महाविद्यालय की छात्राओं एवं समस्त स्टाफ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस प्रकार ÷मनोबल सत्र÷ का समापन अत्यंत सफल एवं प्रेरणादायक वातावरण में संपन्न हुआ, जिसने छात्राओं में आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच को सुदृढ़ किया।

## कन्या पूजन जिसे देवी की साक्षात उपासना का रूप माना गया हैः लता सकवार

**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**



गुरुवार की सुबह राधे-राधे प्रभात फेरी मंडल द्वारा मां जागेश्वरी धाम पर चैत्र नवरात्रि पर कन्या पूजन किया गया सर्वप्रथम कन्याओं के साथ मिलकर सुबह 5ः00 बजे मां जागेश्वरी धाम से यह यात्रा प्रारंभ हुई जो 6ः30 बजे मां जागेश्वरी धाम पर पहुंची तो ऐसा लग रहा था मानव साक्षात देवियां विराजमान हो। **डेढ़ माह की बच्ची के पांव पखार कर विधि विधान से की पूजन शुरुआत**ः सर्वप्रथम कुशवाहा समाज कि डेढ़ माह की बच्ची के पांव पखार कर विधि विधान से पूजन की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष लता सकवार ने की ।तत्पश्चात सभी कन्याओं को तिलक रोरी लगाकर चुनरी उड़ाई गई एवं सभी को प्रसाद वितरण किया गया। भक्त माली ने बताया कि चैत्र नवरात्र का पर्व अब समापन की ओर है। उससे पहले कन्या पूजन का विधान है। नवरात्र के अंतिम दो दिन अष्टमी और नवमी तिथि पर विशेष रूप से कन्या पूजन किया जाता है। जिसे देवी की साक्षात उपासना का रूप माना गया है। छोटी कन्याओं में मां दुर्गा का वास होता है, राधे राधे प्रभातफेरी मंडल ने कन्याओं का पूजन करके सभी भक्तों ने व्रत पूरा कर देवी की कृपा प्राप्त की। देवी ने भक्तिपूर्ण भजन गाकर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। सभी कन्याओं की आरती कार्यक्रम का समापन किया गया इस मौके पर अध्यक्ष लता संघर्ष ने कहा कि कन्या देवी के स्वरूप में होती हैं इनकी पूजन ही साक्षात देवी की पूजन है आज मुझे जो अवसर मिला मैं धन्य हो गई।

ग्रामीण इलाकों में लगे सार्वजनिक प्याऊ का शीतल पेयजल सूखे कंठो को कर रहा तर

## जिला पंचायत सीईओ सुश्री कौर के निर्देश पर जनसामान्य को पीने के पानी के साथ छाया की जा रही व्यवस्था

**पीपुल्स प्रवक्ता कटनी।**



दिनों दिन गर्मी बढ़ रही है। गर्मी से लोगों के सूखे कंठो को शीतल जल से तृप्त कर तर करने जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्रों में उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों पर प्याऊ का संचालन प्रारंभ हो गया है। जिला पंचायत सीईओ ने कहा है कि सार्वजनिक प्याऊ स्थल पर जन सामान्य और राहगीरों के लिए छाया की पर्याप्त व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में प्याऊ लगाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं नागरिकों और राहगीरों को पेयजल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था आवश्यक है। सुश्री कौर ने सर्वप्रथम जिन ग्राम पंचायतों में पीने के पानी की समस्या है, वहां पर विशेष रूप से उपयुक्त स्थलों पर सार्वजनिक प्याऊ खोले जाने के निर्देश जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिए हैं। ताकि शीतल पेयजल मिल सके, इन 28 ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक प्याऊ की व्यवस्था जारी जिले की जनपद पंचायत कटनी की ग्राम पंचायत चाका और जरवाही, रीठी की बिलहरी और देवगांव, बड़वारा की विलायत कला और बसाड़ी, विजय राघवगढ़ की कोटेश्वर, सिंगोड़ी ,बंजारी,टीकर,कारीतलाई,देवरा कला, भैंसवाही और गैरतलाई बहोरीबंद की बहोरीबंद,बचेया,कुआं और कोडिया तथा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत सिलोडी, दशरमन, सिमरिया, पोड़ी खुर्द, कचनारी, सनकुई, खमरिया, खमतरा और पान उमरिया में सार्वजनिक प्याऊ के द्वारा नागरिकों और राहगीरों को शीतल पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## आज निकलेगी राम जन्म महोत्सव पर निकलेगी विशाल भव्य शोभायात्रा




**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

आज शुक्रवार को निकलेगी राम जन्म महोत्सव पर निकलेगी विशाल भव्य शोभायात्राः सर्वोदय चौराहा पर होगी महाआरती; तैयारियों पर नरसिंह हिंदू संगठन ने की प्रेस वार्ता के दौरान की चर्चा। उल्लेखनीय है कि नरसिंह हिंदू संगठन ने राम जन्म महोत्सव की तैयारियों पर चर्चा के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। यह महोत्सव आज शुक्रवार को मनाया जाएगा, जिसमें एक भव्य विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। संगठन के अनुसार सुबह 11 बजे नरसिंह मंदिर में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद, शाम 4 बजे शोभायात्रा नरसिंह मंदिर से शुरू होगी। यह शोभायात्रा शहर के सर्वोदय चौराहा पर महाआरती के लिए रुकेगी। सर्वोदय चौराहा से शोभायात्रा स्टेशन रोड, गांधी तिराहा, महावीर चौक और मां जागेश्वरी मार्ग से होते हुए वापस नरसिंह मंदिर पर समाप्त होगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सदस्यों ने नागरिकों से अपने घरों के सामने रंगोली सजाकर भगवान श्री राम की यात्रा का स्वागत करने का आग्रह किया।

ग्राम गढोली में आग का तांडव किसानों की सजगता और पुलिस की तत्परता से टला बड़ा हादसा

## डायल 112 चालक राजेश्वर यादव और पुलिस आरक्षक मलखान पाल की ग्रामीणों ने की काफी सराहना



**पीपुल्स प्रवक्ता बीना।**

खिमलासा थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत गढोली जवाहर में दर्जनों किसानों के खेतों में अचानक आग लग गई। आग ने कुछ ही समय में विकराल रूप ले लिया। गढोली गांव के लोगों ने तत्काल एकजुट होकर खिमलासा पुलिस को सूचना दी और खुद के पानी के टैंकर और बाल्टियों से आग बुझाने का प्रयास किया। खिमलासा डायल 112 पुलिस के मौके पर पहुंचते ही आरक्षक मलखान पाल ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग पर काबू पाने में जमकर मेहनत की। ग्रामीणों ने डायल 112 के आरक्षक को धन्यवाद देते हुए उनके बच्चों को सदैव खुश रहने का आशीर्वाद दिया। हालांकि, आगजनी से एक किसान की सरसों और धनिये की फसल जलकर राख हो गई और दर्जनों किसानों के खेतों की नरवाई जल गई, जिनकी हारबेस्टिंग हो चुकी थी। **डायल 112 चालक राजेश्वर यादव और पुलिस आरक्षक मलखान पाल की सराहना की गई**ः आग पर काबू पाने के बाद जब बीना, इटावा और मालथौन से अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचे, तब तक ग्रामीणों और पुलिस ने मिलकर आग बुझा ली थी। इस देरी के लिए अग्निशमन वाहनों की निंदा की गई, जबकि डायल 112 चालक राजेश्वर यादव और पुलिस आरक्षक मलखान पाल की सराहना की गई।

## हार्डवेयर पेंट्स ऐसों शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर करेगी भव्य स्वागत

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

विंध्य क्षेत्र की अग्रणी व्यापारिक संस्था हार्डवेयर पेंटस ऐसो हिन्दू पर्व समन्वय समिति के द्वारा आयोजित श्री रामनवमी शोभायात्रा का अस्पताल चौक माता मंदिर के बगल में ऐसों के अध्यक्ष घनश्याम अच्छडा जी के प्रतिष्ठान के सामने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया जाएगा। संस्था के महामंत्री विनोद गेलानी ने जानकारी देते हुए बताया शोभायात्रा का पुष्पवर्षा के साथ-साथ प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। संरक्षक श्री रूपचंद सचदेव अध्यक्ष घनश्यामदास अच्छडा सुरेश बड़ेरिया राकेश गुप्ता विनोद गेलानी,सनी सीरवानी राजेश दासावानी संतोष अग्रवाल प्रदीप अग्रवाल विनोद मंघनानी विशाल गेलानी सुभाष तिवारी मोहनलाल गुप्ता अनिल सचदेवा राकेश चांदवानी राजा घोघवानी, सुरेश अच्छडा बलराम अच्छडा रामचंद अच्छडा हेमंत राजवानी दीपेश केसवानी नीरज अग्रवाल पंकज अग्रवाल दिनेश गुप्ता राजा माधवानी अजय जायसवाल नवनीत सिंह संस्था के सभी सदस्यों से शोभायात्रा में शामिल होकर स्वागत करने की अपील की है।

## स्व. राष्ट्रनायक कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का भव्य समापन

### खेलों से बढ़ता है आपसी सद्भाव और भाईचारा

**अजय सिंह राहुल**

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

जिले के चुरहट नगर पंचायत अंतर्गत मोहिनी देवी स्टेडियम में आयोजित स्व. राष्ट्रनायक कुंवर अर्जुन सिंह स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट 2026 का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। 06 मार्च से प्रारंभ इस प्रतियोगिता में कुल 16 टीमों ने भाग लिया।

टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला चुरहट एवं हनुमानगढ़ की टीमों के बीच खेला गया, जिसमें हनुमानगढ़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। समापन अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक अजय सिंह राहुल भैया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के खेल आयोजन आपसी भाईचारा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। क्रिकेट एक रोमांचक खेल है, जिसमें हार-जीत लगी रहती है, लेकिन खिलाड़ी भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करना सबसे अधिक महत्वपूर्ण है। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के उत्कृष्ट आयोजन के लिए समिति बधाई की पात्र है। साथ ही सभी खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह एवं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष के.डी. सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत चुरहट की अध्यक्ष श्रीमती



मोनिका गुप्ता ने की। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रुद्रप्रताप सिंह (बाबा), दानबहादुर सिंह, रतिभान पटेल, करुण सिंह (अध्यक्ष, जिला युवक कांग्रेस), संदीप उपाध्याय (दादू), सुखनंदन सोनी, अरविंद तिवारी (संकट), बैजनाथ सिंह, विजय गुप्ता, कमलेन्द सिंह (डब्बू), कृष्णदेव सिंह (केडी), राहुल सिंह, अवध लाल केवट, नागेश्वर साकेत, रमाकांत पाण्डेय एवं विपिन सिंह नौगवां सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण एवं आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

## दागी बजरंग महिला स्व सहायता समूह को गेहूं खरीदी केन्द्र देने की तैयारी

**उपार्जन केन्द्र में 4467 बोरी धान पाई गई थी अमानक,निरीक्षण में वास्तविक खरीदी से 22 हजार क्विंटल ज्यादा मिली थी धान**

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

बजरंग महिला स्व सहायता समूह बिहटा उंचेहरा को एक बार फिर से शासन द्वारा खरीदी केन्द्र दिये जाने की जानकारी सूत्रों के माध्यम से सामने आ रही है।

सूत्रों के अनुसार जिले की उपार्जन समिति द्वारा बजरंग महिला स्व सहायता समूह को क्लीनचिट दे दी गई है। अब सवाल यह उठता है कि पिछले धान खरीदी सीजन में नागरिक आपूर्ति निगम की टीम ने उंचेहरा उपार्जन केन्द्र बजरंग महिला स्व सहायता समूह में निरीक्षण के दौरान वास्तविक खरीदी से 22 हजार क्विंटल धान ज्यादा पाई गई थी। जबकि 4467 बोरी धान अमानक मिली थी। जिसके बाद कलेक्टर सतना द्वारा 10 जनवरी 2026 को बजरंग महिला स्व सहायता समूह को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कार्यवाही में नान के जिला प्रबंधक पंकज बोरसे भी मौजूद थे। अब सवाल यह उठता है कि आखिर इस मामले में विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई। मामले में एक बड़े खेल की आशंका जताई जा रही है।

मैहर विधायक की सराहनीय पहल

## ग्राम सलैया में लंबे समय से खराब ट्रांसफार्मर बदला गया ग्रामीण वासियों ने विधायक का किया धन्यवाद ज्ञापित





**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

मैहर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर लगातार अग्रसर रहने वाले मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की एक और सराहनीय पहल देखने को मिली जहां मैहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सलैया में कई दिनों से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण वासियों को बिजली की काफी समस्याओं से जूझना पड़ रहा था लेकिन इसकी जानकारी मिलते ही मैहर विधायक ने तत्काल इस पर संबंधित विभाग से बात करके ग्राम सलैया में ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया इसके बाद बिजली विभाग द्वारा तुरंत 100 केवी का ट्रांसफार्मर लगवाया गया वाकई मैहर विधायक का यह कार्य सराहनीय है ग्रामीण जनों ने भी इस बात के लिए मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी की प्रशंसा करते हुए उनका धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा की जिस प्रकार से मैहर विधायक लगातार मैहर क्षेत्र के विकास कार्यों में अग्रसर रहते हैं वह कहीं ना कहीं एक जनप्रतिनिधि की अच्छी सोच को दर्शाता है।

# भगवान शिव और कागभुसुंडि द्वारा प्रभु राम के बाल स्वरूप के दर्शन की कथा सुन,सभी श्रोतागण भक्तिभाव में डूबे

### मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास ने सुनाई प्रभु राम की बाल लील की कथा

**पीपुल्स प्रवक्ता सतना।**

परम पूज्य संत रणछोड़ दास जी महाराज के कर कमलों से जानकीकुंड में स्थापित श्री रघुवीर मंदिर ट्रस्ट बड़ी गुफा के तत्वाधान में विद्याधाम विद्यालय प्रांगण में चल रही नौ दिवसीय श्री रामकथा में वृंदावन से पधारे मलूक पीठाधीश्वर राजेंद्र दास जी महराज द्वारा राम कथा का रामभक्तो को रसपान कराया जा रहा है।

कथा के सातवें दिन सर्वप्रथम श्री सदगुरू सेवा संस्थान की ट्रस्टी एवं संस्थान के अध्यक्ष विशद भाई मफतलाल और उनकी धर्म पत्नी रूपल बहन ने रामकथा की पोथी और महराज जी का पूजन अर्चन किया।तत्पश्चात महराज जी ने अपनी मधुर, अमृतमय वाणी से देश के कोने कोने से आए कथा श्रोताओं को भगवान भोलेनाथ और कागभुसुंडि महराज के द्वारा मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के बाल स्वरूप के दर्शन करने की कथा का प्रसंग का रसपान कराते हुए बताया कि प्रभु श्री हरि नारायण जब अयोध्या नरेश राजा दशरथ के यहां रामरूप में जन्म लेते है तो भगवान शिव के हृदय में प्रभु राम के बाल स्वरूप के दर्शन की ओ इच्छा जागृत होती है । भगवान भोलेनाथ राम




के स्वरूप, लीला और महिमा को भली-भांति जानते थे, फिर भी उनके मन में एक दिन प्रभु के बाल रूप के दर्शन करने की तीव्र इच्छा जाग उठी। यह इच्छा इतनी प्रबल थी कि वे स्वयं को रोक न सके। और जब में भगवान अयोध्या में राम बाल रूप में अवतरित होकर अपनी बाल लीलाएँ कर रहे थे, तब उनकी मनमोहक छवि को देखने के लिए देवताओं और ऋषियों का मन भी व्याकुल हो उठता था। भगवान भोलेनाथ ने सोचा कि वे सीधे अपने दिव्य स्वरूप में जाएंगे तो लोग उन्हें पहचान लेंगे और बाल राम की सहज लीला में व्यवधान हो सकता है। इसलिए उन्होंने अपना भेष बदलकर जाने का निश्चय किया। भगवान महादेव ने एक साधारण तपस्वी का रूप धारण किया और अपने साथ कागभुशुंडी को भी लिया। दोनों साधु के वेश में अयोध्या पहुँचे। वहाँ का वातावरण अत्यंत पवित्र और आनंदमय था। जब वे महल के निकट पहुँचे, तो उन्होंने देखा कि बालक राम अपने साथियों के साथ खेल रहे हैं। उनका बाल स्वरूप इतना मनमोहक था कि स्वयं महादेव भी कुछ क्षणों के लिए भावविभोर हो गए। बालक राम की चंचल आँखें, मधुर मुस्कान और उनकी निष्कपट लीला देखकर भगवान शिव का हृदय प्रेम से भर गया। वे उन्हें निहारते ही रह गए।

ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो स्वयं ब्रह्मांड की सारी सुंदरता उस बाल रूप में समाहित हो गई हो। भगवान शिव ने मन ही मन प्रभु को प्रणाम किया और उनकी इस अद्भुत लीला का आनंद लिया। कहते हैं कि बालक राम ने भी अपने भक्त शिव को पहचान लिया, परंतु उन्होंने अपनी लीला को बनाए रखा और ऐसे व्यवहार किया मानो वे उन्हें नहीं जानते। यह प्रभु की माया और प्रेम का अद्भुत संगम था। दर्शन के पश्चात भगवान शिव अत्यंत संतुष्ट और आनंदित होकर कैलाश को लौटे। कथा का यह प्रसंग सुन सभी श्रोतागण भक्तिभाव में डूब गए। इस मौके पर चित्रकूट के सभी ट्रस्टीगण, संत महंत, आमजनमानस,तमाम प्रांतों से पधारे गुरु भाई बहन एवं सदगुरू परिवार के सभी सदस्य उपस्थित रहे।